# लंबित ऋण प्रकरणों को 31 से पूर्व स्वीकृत करें : एडीएम

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 18 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के निर्देशानुसार जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने कहा कि कई ऋणमूलक योजनाओं में बैंकर्स द्वारा शत प्रतिशत लक्ष्य के अनुरूप ऋण प्रकरणों को स्वीकृत कर हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि जिन रोजगारमूलक योजनाओं में बैंकर्स के पास प्रकरण लंबित है, उन्हें भी 31 मार्च से पूर्ण स्वीकृत कर वितरण किया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान आरबीआई के एलडीओ विशाल सिंह, एलडीएम रघुनाथ सहाय सहित विभिन्न रोजगार मूलक विभागों के अधिकारी तथा बैंकर्स उपस्थित थे। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने कहा कि जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में वर्ष 2025-26 के लक्ष्य अनुरूप 56 प्रकरणों के क्रम में बैंकर्स द्वारा 66 प्रकरण स्वीकृत कर 65 प्रकरणों में हितग्राहियों को ऋण राशि का वितरण किया गया है। इसी प्रकार जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति अंतर्गत संत रविदास स्वरोजगार योजना में भी लक्ष्य से अधिक प्रकरण स्वीकृत किये गये है, इसके तहत जिले को 19 हितग्राहियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ तथा जिसकी एवज में 41 प्रकरण स्वीकृत कर 39 में वितरण किया गया है। डॉ भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना अंतर्गत 48 के लक्ष्य के विरूद्ध 51 प्रकरण स्वीकृत करते हुए अभी तक 43 हितग्राहियों को ऋण वितरण किया गया है। मध्यप्रदेश आदिवासी वित्त एवं विकास निगम अंतर्गत संचालित भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना में 11 प्रकरण के लक्ष्य के विरूद्ध 15 प्रकरण स्वीकृत कर 14 प्रकरणों में वितरण किया गया है। उन्होंने निर्देश दिये कि बैंकर्स जिन योजनाओं में प्रकरण लंबित है, उन्हें भी स्वीकृत करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने सभी बैंकर्स को निर्देश दिये कि एनआरएलएम के स्वसहायता समूहों को लक्ष्य अनुसार सीसीएल स्वीकृत किया जायें। वर्तमान में 55 करोड के लक्ष्य के विरूद्ध 48 करोड 63 लाख रूपये की राशि सीसीएल के रूप में 1825 समूहों को उपलब्ध कराई गई है, उन्होंने कहा कि 31 मार्च से पहले लक्ष्य हासिल किया जायें। उन्होंने कहा कि उद्यानिकी विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना पीएमईएफएमई अंतर्गत 76 के लक्ष्य के विरूद्ध 64 प्रकरण स्वीकृत किये गये है तथा 50 प्रकरणों में ऋण वितरण किया गया है। शेष लंबित प्रकरण स्वीकृत कर वितरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। पशुपालन विभाग अंतर्गत संचालित डॉ भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना में 10 यूनिट के लक्ष्य के विरूद्ध 07 प्रकरणो में स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि जिन बैंको को प्रकरण भोपाल स्तर से भेजे गये है, वे उनकी फील्ड विजिट कर संबंधित क्षेत्र के पशु चिकित्सक के माध्यम से दस्तावेज पूर्ण कराते हुए योजना में स्वीकृति एवं वितरण सुनिश्चित करें। बैठक में जानकारी दी गई कि नगरीय निकायों अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेडर्स आत्मनिर्भर निधि पीएम स्वनिधि योजना-2.0 अंतर्गत 430 हितग्राहियों को प्रथम किस्त, 196 हितग्राहियों को द्वितीय तथा 119 हितग्राहियों को तृतीय किस्त की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### कई योजनाओं में शत प्रतिशत लक्ष्य की हुई पूर्ति






# एड्स जागरूकता अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 18 मार्च।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत रेड रिबन क्लब द्वारा एड्स के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को एड्स जैसी गंभीर बीमारी के कारणों, रोकथाम एवं सामाजिक भ्रांतियों के प्रति जागरूक करना था।

प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा एड्स से बचाव, सुरक्षित जीवनशैली और समाज में जागरूकता फैलाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने अपने भाषणों के माध्यम से यह संदेश दिया कि सही जानकारी और जागरूकता ही इस बीमारी से बचाव का सबसे बड़ा उपाय है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं की भूमिका समाज में जागरूकता फैलाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर ललित चौधरी, द्वितीय स्थान पर मुश्त कबिन कौसर, तृतीय स्थान पर प्रियंका प्रजापति रहें, जिन्हें पुरस्कार प्रदान किये गये।

# पीएम श्रमयोगी मानधन पेंशन योजना

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 18 मार्च।** केंद्र सरकार द्वारा असंगठित कर्मकारों को वृद्धावस्था सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गयी हैं। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा उक्त योजना में अधिक से अधिक श्रमिकों को लाभ प्रदान करने के निर्देश दिये गये है। श्रम विभाग द्वारा बताया गया है कि इस योजना में लाभ प्राप्त करने के लिए आयु 18 से 40 वर्ष होनी चाहिए तथा मासिक आय अधिकतम 15 हजार निर्धारित है, आयकर दाता नहीं होना चाहिए, ई.एस.आई एवं ई.पी.एफ में सम्मिलित न हो, हितग्राही को 60 वर्ष की आयु के बाद 3 हजार रुपये मासिक पेंशन प्राप्त होगी, हितग्राही द्वारा दिए जाने वाला मासिक अंशदान ऑटो डेबिट सुविधा से 55 से 200 रुपये (आयु अनुसार), हितग्राही के मासिक अंशदान के सामान राशि का अंशदान केंद्र सरकार द्वारा किया जावेगा, पंजीयन सी.एस.सी. (कॉमन सर्विस सेण्टर) पर आधार कार्ड एवं बचत खाता, जनधन खाता ले जाकर कराया जा सकता है।

# सरसों फसल के पंजीयन 20 तक : भावांतर भुगतान योजना में खरीदी 23 मार्च से होगी शुरू

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 18 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वर्मा द्वारा भारत सरकार की डिफिसिट पेमेंट स्कीम (भावांतर योजना) अंतर्गत सरसों फसल विक्रय करने हेतु रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) में ई-उपार्जन पोर्टल पर सरसों फसल के पंजीयन निर्धारित 33 केन्द्रों पर किये जा रहे है। सरसों फसल की पंजीयन की अंतिम तिथि 20 मार्च निर्धारित है।

उप संचालक कृषि जीके पचौरिया ने बताया कि भावांतर भुगतान योजना में सरसों फसल की खरीदी 23 मार्च 2026 से 30 मई 2026 के मध्य जिले की अधिसूचित मंडियों श्योपुर, बडौदा, विजयपुर एवं कराहल में की जायेगी। योजनांतर्गत प्रथम दो सप्ताह में विक्रय के लिए मॉडल रेट का निर्धारण, सीजन के प्रथम 14 दिवस की अवधि में प्रदेश की समस्त मण्डियों में सरसों के विक्रय मूल्य का औसत मानकर निर्धारित किया जायेगा। प्रतिदिन का मॉडल रेट मध्यरात्रि 12 बजे से ई-मंडी पोर्टल पर प्रदार्शित किया जायेगा। अधिसूचित मंडियों में (एफएक्यू मानक के अनुरूप) का बिक्री मूल्य एमएसपी से कम हो, परंतु प्रदेश सरकार द्वारा घोषित औसत थोक मूल्य (मॉडल प्राइस) से अधिक हो, तो किसान को एमएसपी और वास्तविक बिक्री के अंतर की राशि प्रदाय की जाएगी। किसानों को भावांतर भुगतान की राशि डीबीटी के माध्यम से मंडी बोर्ड द्वारा भुगतान किया जाएगा। सरसों फसल का एमएसपी 6200 रूपये प्रति क्विंटल है।

उन्होने बताया कि एमएसपी रेट 6200 रूपये तथा मॉडल रेट के भांवातर की राशि का भुगतान किसानों को किया जायेगा। मॉडल रेट से अधिक दर पर सरसो का विक्रय होने पर किसान को प्रदाय की गई दर और एमएसपी रेट के अंतर की राशि प्रदान की जायेगी।

गत 26 फरवरी से जारी है, 33 केन्द्रों पर पंजीयन की प्रक्रिया

भारत सरकार की डिफिसिट पेमेंट स्कीम (भावांतर योजना) अंतर्गत सरसों फसल विक्रय करने हेतु रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) में ई-उपार्जन पोर्टल पर सरसों फसल के पंजीयन की प्रक्रिया निर्धारित 33 केन्द्रों पर गत 26 फरवरी से जारी है। पंजीयन की अंतिम तिथि 20 मार्च निर्धारित है।

इन केन्द्रों में आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था मर्यादित आवदा, विपणन सेवा सहकारी संस्था कराहल, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित बड़ौदा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित बोरदादेव, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित नयागांव तेहखण्ड, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित राडेप, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित लुहाड़, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित फ्लिोजपुरा, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित तलावड़ा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित नयागांव ढोढपुर, सेवा सहकारी संस्था उतनवाड, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित ओछापुरा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित रघुनाथपुर, विपणन सहकारी संस्था वीरपुर, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित विजयपुर, विपणन सहकारी समिति विजयपुर, सेवा सहकारी समिति सहसराम, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित श्योपुर, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित जलालपुरा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित नागदा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित सोंईकलां, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित नागरगावडा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित आसीदा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित वीजरपुर, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित ननावद, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित गोहेडा, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित दातरदा, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित मानपुर, सेवा सहकारी संस्था सोंठवा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित जावदेश्वर, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित तलावदा, सेवा सहकारी संस्था गुरुनावदा, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित पाण्डोला शामिल है।

# श्योपुर के सेसईपुरा में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित



**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 18 मार्च।** जन अभियान परिषद अंतर्गत नवांकुर संस्था मानव फाउंडेशन द्वारा पंचायत भवन में ग्राम सेसईपुरा में ग्राम विकास प्रस्फुटन समीतियों का एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

भाजपा के जिला मंत्री मेहरबान सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान उप सरपंच रामअवतार गुर्जर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। इसके साथ ही ब्लॉक समन्वयक श्रीमती नीतू सिंह, कमलकिशोर गुर्जर, रामगोपाल गुर्जर, मेंटर सुश्री संध्या गौतम, वीरेन्द्र कुमार पाराशर, सुल्तान यादव, रामवरन कुशवाह, एमएसडब्ल्यू छात्र लाखन कुशवाह तथा रामवरन यादव सहित सेसईपुरा, रानीपुरा, चक किशनपुर, बासेंड, ऊपरी खोरी की ग्राम विकास प्रस्फुटन समीतियों के सदस्य आदि मौजूद रहें।

मुख्य अतिथि मेहरबान सिंह ने अपने उदबोधन में कहा कि सरकार द्वारा समग्र ग्राम विकास को लेकर हर वर्ग को शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए लगभग दो सौ प्रकार की योजनाओं का संचालन धरातल पर किया जा रहा है शासन की मंशा अनुसार गांव के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को भी लाभान्वित करने का कार्य शासन द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समिति के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान करने का कार्य किया जायें।

प्रशिक्षण में ग्राम विकास प्रस्फुटन समीतियों के सदस्यों को समग्र ग्राम विकास की अवधारणा को लेकर व्लॉक समन्वयक श्रीमती नीतू सिंह द्वारा विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि ग्राम विकास के लिए समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की जायें तथा शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को जोडा जायें। प्रशिक्षण में मेन्टर सुल्तान यादव द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समीतियों के दस्तावेजीकरण को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई साथ ही मेन्टर सुश्री संध्या गौतम द्वारा जन अभियान परिषद के द्वारा किये जा रहे कार्यों को लेकर जानकारी दी गई। मेन्टर बीरेन्द्र कुमार पाराशर द्वारा ग्राम विकास की योजना के संबंध में अवगत तकरायास गया। प्रशिक्षण के शुरूआत अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई। कार्यक्रम का संचालन मेन्टर प्रमोद तिवारी द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के समापन पर उपस्थित सहभागियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। प्रशिक्षण के समापन मे आभार व्यक्त व्लॉक समन्वयक श्रीमती नीतू सिंह द्वारा किया गया।

### वीरपुर में युवा संगम रोजगार मेला 25 को

**श्योपुर, 18 मार्च।** शिक्षित बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन सीएलएफकार्यालय पंचायत भवन के पास वीरपुर में 25 मार्च को प्रात: 11 बजे से 3 बजे तक किया जायेगा। रोजगार कार्यालय एवं एनआरएलएम के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार अप्रेटेशिप में विभिन्न कंपनियों द्वारा सेल्समैन, ऑफिस वर्कर, एग्रीकल्चर सेक्टर, बीमा मार्केटिंग क्षेत्र, ऑटो मोबाइल सेक्टर, एलआईसी अभिकर्ता, सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाईजर, कम्प्युटर ऑपरेटर आदि पदों पर भर्ती की जायेगी। इच्छुक आवेदक जिनकी आयु 18 वर्ष से 35 वर्ष एवं शैक्षणिक योग्यता 5वी से स्नातकोत्तर तक हो वे इस युवा संगम रोजगार मेले में उपस्थित होकर अपनी योग्यतानुसार रोजगार प्राप्त कर सकते है।



# आपदा प्रबंधन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 18 मार्च।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण श्योपुर के तत्वाधान में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सिलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं आदर्श कन्या महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए संयुक्त रूप से दो दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण के दूसरे दिवस महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा के द्वारा बताया गया कि आपदा के समय घबराने के बजाय सही जानकारी और प्रशिक्षण से ही जान-माल की हानि को कम किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से इस प्रशिक्षण का लाभ उठाकर आपदा प्रबंधन के लिए अन्य लोगों को जानकारी प्रदान करने हेतु प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में डॉ सीमा चौकसे ने बताया कि आपदा के समय उचित प्रतिक्रिया, बचाव के तरीके एवं प्राथमिक उपचार कैसे किया जा सकता है। भूकंप, आग, बाढ़ जैसी विभिन्न आपदाओं से निपटने के उपाय बताए। कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के एनसीसी एनएसएस सहित अन्य विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम में डॉ सुभाष चंद, डॉ रमेश भारद्वाज, एनसीसी प्रभारी डॉ अरविंद दोहरे एवं एनएसएस प्रभारी डॉ प्रेमचंद इक्का, डॉ लोकेंद्र जाट, डॉ अजीत सिंह, डॉ आसिफकुरेशी, प्रो ज्योत्सना मेघवाल एवं डॉ उर्मिला बाथम आदि उपस्थित रहें।



# जिले में सेवोत्तम प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 18 मार्च ।** आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा अकादमी के निर्देशानुसार और भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित सेवोत्तनम (म.प्र. लोक सेवा प्रदाय गारंटी अधिनियम एवं सी.एम. हेल्पलाईन एवं शिकायत निवारण हेतु सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग) पर आज ई-दक्ष केंद्र श्योपुर में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ आज से

### अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 18 मार्च।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च से 30 जून तक आयोजित किया जायेगा। इसके अंतर्गत जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के कार्य संपन्न होंगे।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन तथा सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में अभियान का शुभारंभ 19 मार्च को दोपहर 12 बजे से श्योपुर जनपद के ग्राम पंचायत मठेपुरा के चौंडपुर तालाब पर आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से किया जायेगा। इसके साथ ही कराहल एवं विजयपुर जनपद में भी कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्र में भी कार्यक्रम आयोजित होगे, 19 मार्च को नगरीय निकाय श्योपुर द्वारा शाम 04 बजे सीप नदी के पंडित घाट पर आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से अभियान की शुरूआत की जायेगी। इसी क्रम में विजयपुर की क्वारी नदी तथा बडौदा में चन्द्रसागर तालाब पर कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद ने बताया कि जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति में समन्वयक का दायित्व सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के पास रहेगा। इसके साथ ही डीएफओ कूनो एवं सामान्य, अपर कलेक्टर, ईई जल संसाधन, ईई पीएचई, परियोजना अधिकारी डूडा, उप संचालक उद्यानिकी, उप संचालक कृषि, महिला बाल विकास अधिकारी, जिला अधिकारी औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, उच्च शिक्षा विभाग, पर्यावरण, शिक्षा, संस्कृति, पीआरओ एवं जन अभियान परिषद के अधिकारी समिति में सदस्य रहेगे। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत श्योपुर जिले में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन से संबंधित लगभग 1657 कार्य कराये जायेगे।

### एक अप्रैल से शुरू होगी गेहूं की खरीदी

**भोपाल.** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी इंदौर, उज्जैन, भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग में एक अप्रैल से तथा शेष संभागों में 7 अप्रैल से की जाएगी. गेहूं की खरीदी शासकीय कार्य दिवसों में सुबह 8 से रात 8 बजे तक की जाएगी.

# विक्रमोत्सव पर सूर्य उपासना, आज मनेगा नववर्ष

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 18 मार्च ।** विक्रमोत्सव 2026 अंतर्गत सूय उपासना कार्यक्रम 19 मार्च को नगरपालिका मैरिज गार्डन में प्रात: 10 बजे से आयोजित किया गया है। महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। स्थानीय कार्यक्रम के दौरान मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल के समन्वय से सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रीत नाट्य का मंचन किया जायेगा। सृष्टि आरंभ दिवस वर्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 2083 को आरंभ कोटि सूर्योपासना के रूप में मनाया जा रहा है। ब्रम्ह मुहुर्त में सूर्य उपासना के साथ ही सभी प्रमुख मंदिरों पर ब्रम्हा ध्वज की स्थापना की जायेगी। इसके साथ ही नगरपालिका मैरिज गार्डन में प्रात: 10 बजे से जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होगा।

### रीवा में राष्ट्रीय संगोष्ठी आज

**रीवा.** शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय, रीवा के भूविज्ञान विभाग द्वारा 18 और 19 मार्च को 'प्राकृतिक संसाधन एवं पर्यावरणीय स्थिरता' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जा रही है. इस संगोष्ठी में देशभर के विशेषज्ञ, वैज्ञानिक और शोधार्थी भाग लेंगे. कार्यक्रम का उद्घाटन 18 मार्च को स्वामी विवेकानंद सभागार में होगा, जिसमें प्रो. कृष्ण बिहारी पांडेय मुख्य अतिथि रहेंगे. संगोष्ठी में जलवायु परिवर्तन, खनिज प्रबंधन, जैव विविधता संरक्षण और सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी. प्राचार्य प्रो. (डॉ.) रवीन्द्र नाथ तिवारी ने बताया कि यह आयोजन छात्रों और शोधार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा.

# नवरात्रि आज से, कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपे दायित्व

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 18 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा आगामी 19 मार्च से 30 अप्रैल तक विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक पर्वो के अवसर पर कानून व्यवस्था की दृष्टि से कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा द्वारा जारी आदेश के अनुसार चौत्र नवरात्रि (19 मार्च से 27 मार्च), गुडीपडवा, विक्रमोत्सव, बोहरा समुदाय की ईद (19 मार्च), झूलेलाल जंयती (20 मार्च), ईदुलफित्तर (21 मार्च), गणगौर मेला (21 मार्च से 24 मार्च), निषादराज जंयती (23 मार्च), रामनवमी (27 मार्च), ज्वारे विसर्जन (28 मार्च), महावीर जयंती (30 एवं 31 मार्च), हनुमान जंयती (02 अप्रैल), गुड फ्राईडे (03 अप्रैल), अम्बेडकर जयंती (14 अप्रैल), बैसाखी (14 अप्रैल) एवं परशुराम जयंती (20 अप्रैल) के पर्व मनाये जायेगे। इन अवसरों पर संपूर्ण जिले में कानून, सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के मद्देनजर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये है। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय को जिले की संपूर्ण कानून व्यवस्था के लिए प्रभारी बनाया गया है।

आदेश के अनुसार एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा, एसडीएम कराहल बीएस श्रीवास्तव, एसडीएम विजयपुर अभिषेक मिश्रा को अपने-अपने अनुभाग क्षेत्र में प्रभारी रहेगें तथा आवश्यकतानुसार अधीनस्थ अधिकारियों की ड्यूटी लगा सकेगें। डिप्टी कलेक्टर संजय कुमार जैन रामनवमी के अवसर पर राममंदिर से किला गेट, पुरानी कचहरी होते हुए गुलम्बर तक जीवन टाकीज वाली गली, बोहरा बाजार से वापस राममंदिर तक निकाले जाने वाले चल समारोह (जुलूस) के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात रहेंगे। इसके साथ ही अम्बेडकर जयंती के अवसर पर निकाले जाने वाले जुलूस के दौरान शिवपुरी रोड क्षेत्र के लिए तथा ज्वारे विसर्जन स्थल पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के रूप में नियुक्त किये गये है। डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य रामनवमी के अवसर पर आयोजित चल समारोह के दौरान गुलम्बर से रामतलाई हनुमान मंदिर तक, हनुमान जंयती के अवसर पर बाईक रैली स्थल मेला ग्राउंड, बडौदा रोड, टोडी बाजार, मैन बाजार, श्रीराम धर्मशाला, श्रीरामतलाई हनुमान मंदिर एवं महावीर जयंती तथा अम्बेकर जयंती पर निकलने वाले जुलूस के दौरान पाली रोड पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के रूप में नियुक्त किये गये है। इसके साथ ही गुड फ्राइडे पर प्रार्थना स्थल के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट बनाये गये है। तहसीलदार विजयपुर श्रीमती अमिता सिंह तोमर सभी अवसरों पर कानून व्यवस्था हेतु संपूर्ण तहसील विजयपुर की प्रभारी होगी। तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा संपूर्ण तहसील क्षेत्र की प्रभारी रहेगी तथा ईदुलफित्तर 21 मार्च को ईदगाह पर, रामनवमी 27 मार्च के अवसर पर श्रीराम मंदिर पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के रूप में उपस्थित रहेगी। इसके अलावा महावीर जयंती, हनुमान जयंती एवं परशुराम जयंती के जुलूस और शोभायात्रा के दौरान कानून व्यवस्था की प्रभारी रहेगी। तहसीलदार सुश्री रोशनी शेख कानून व्यवस्था हेतु संपूर्ण तहसील क्षेत्र कराहल, नायब तहसीलदार सुरेश राठौर संपूर्ण तहसील क्षेत्र बडौदा, तहसीलदार वीरेन्द्र सिंह बघेल संपूर्ण तहसील क्षेत्र वीरपुर, नायब तहसीलदार दर्शनलाल जाटव वृत्त प्रेमसर, टीएस लकडा वृत्त मानपुर, शैलेन्द्र देव सिंह सेगर वृत्त पाण्डोला, नरेन्द्र जैन वृत्त गोरस, नरेश रायपुरिया वृत्त पहेला, विनोद सिंह तोमर वृत्त रघुनाथपुर, राकेश शर्मा वृत्त गसवानी एवं रविशंकर शर्मा वृत्त अगरा के प्रभारी रहेगे।

### आरटीआई अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षण 23 से

**श्योपुर, 18 मार्च ।** जिले में सूचना का अधिकार अधिनियम अंतर्गत विभागों का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण 23 और 24 मार्च को ई-दक्ष केंद्र श्योपुर में आयोजित किया गया है। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने बताया कि दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण 23 एवं 24 मार्च को प्रात: 11 बजे से शाम 06 बजे तक ई-दक्ष केंद्र में आयोजित किया जायेगा। प्रशिक्षण में वन मंडल कूनो एवं सामान्य, जनजातीय कार्य विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, फूड विभाग, जलसंसाधन, आईटीआई कॉलेज श्योपुर, पॉलीटेक्निक कॉलेज श्योपुर, मत्स्य विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, परिवहन विभाग, जेल विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, पिछडा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग, लोक निर्माण विभाग, पंजीयन एवं मुद्राक विभाग, पीएचई, सहकारिता, श्रम, सामाजिक न्याय, उद्यानिकी, आबकारी, ग्रामोद्योग आदि विभागों के लोक सूचना अधिकारी अथवा सहायक लोक सूचना अधिकारी द्वारा नामित कर्मचारी भाग लेंगे।